सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-207
29/04/2017

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक की

पटना, 29 अप्रैल 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज विमर्श, 1 अणे मार्ग में आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक की गयी। आहुत समीक्षा बैठक में राज्य में अग्निकाण्ड की स्थिति, लू की स्थिति, भूगर्भ जल की स्थिति, पेयजल की स्थिति के साथ–साथ अग्नि सुरक्षा के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

बैठक में समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि राज्य में 'हीट एक्शन प्लान' शीघ्र तैयार कर लिया जाय। इस संबंध में 'हीट एक्शन प्लान' से संबंधित एडवाइजरी शीघ्र जिलों को भेजने का निर्देश दिया गया। गर्मी में पेयजल की उपलब्धता के लिये एस0ओ0पी0 बनाया गया है। एस0ओ0पी0 के अनुसार लोगों तक पानी पहुॅचाने का निर्देश दिया गया। पानी पहुॅचाने के लिये रूट का निर्धारण करने का निर्देश दिया गया। पेयजल पानी टैंकर एवं अन्य माध्यमों से उपलब्ध कराने हेतु सारी तैयारी ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में गर्मी/लू की स्थिति को देखते हुये एडवाइजरी जारी कर पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे–मध्याह्न बारह बजे से लेकर अपराह्न तीन से चार बजे तक लोगों को खाना नहीं बनाने, बाहर कम निकलने, गाड़ियों का परिचालन कम करने आदि के लिये अनुरोध करने का निर्देश दिया गया। सरकारी योजनाओं में कार्य कर रहे मजदूरों के काम की भी अवधि गर्मी को देखते हुये तय करने हेतु एडवाइजरी जारी करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा आपदा की स्थिति में फौरन लोगों को राहत देने का निर्देश दिया गया।

बैठक में आपदा प्रबंधन हेतु उच्चस्तरीय राज्य समिति की बैठक सप्ताह में दो बार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिला में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन समिति जिसमें जिला के पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन), जिला समादेष्टा (गृह रक्षावाहिनी), परिवहन, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, अग्निशमन, बिजली विभाग के अधिकारी शामिल हों, को गठित करने का निर्देश दिया गया तथा इस समिति कि बैठक अनिवार्य रूप से प्रतिदिन करने का निर्देश दिया गया।

बैठक में भूगर्भ जलस्तर की स्थिति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया गया कि चापाकलों की स्थिति को दिखवा लिया जाय तथा आवश्यकतानुसार मरम्मति कार्य किया जाय। लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाय। पानी को टैंकरों एवं अन्य माध्यम से लोगों को उपलब्ध कराने हेतु मार्ग निर्धारण तथा अन्य सभी तैयारियॉ शीघ्र करने का निर्देश दिया गया। अग्नि सुरक्षा के मद्देनजर बैठक में अग्निशमन सुविधाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गयी। अग्निशमन सेवायें हेतु पानी की व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में अग्निशामालय एवं पुलिस थाना में हाईड्रेंट की व्यवस्था की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में नलकूपों को भी कार्यरत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही गॉव के सार्वजनिक कुओं का सर्वे कर उनका जीर्णोद्धार करने का निर्देश दिया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर पानी उपलब्ध कराया जा सके। बैठक में जलस्रोतों का मैपिंग करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्रीकृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री व्यासजी, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, पुलिस महानिदेशक अग्निशमन सेवायें श्री पी0एन0 राय, प्रधान सचिव आपदा प्रबंधन श्री प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के

प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, सचिव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******